Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20.11.2021 | अंक 60

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जनजातीय गौरव दिवस पर क्विज, गीत नृत्य संगीत का आयोजन, बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

### भामाशाह विद्यालय में अपेम की ओर से जन जातीय गौरव दिवस का आयोजन, नाटक का हुआ मंचन



बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत बच्चे व अपेम टीम





**अपेम लाइव : बरही**

अपेम ट्रस्ट एवं भामाशाह विद्यालय की ओर से भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन अपेम ट्रस्ट के चीफ एडवाइजर डॉ० अनिल कुमार, मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, संरक्षक मुकेश मधेसिया, अपेम लीगल एडवाइजर रितेश कुमार, विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने भारत माता, एवं माता सरस्वती के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ग छठा से लेकर वर्ग दशम के बच्चों के लिए क्विज प्रायियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले 15 बच्चों को अपेम की ओर से शिक्षण सामग्री के साथ साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमे वर्ग छठा से कृष कुमार प्रजापति, गौरव कुमार, भूमि निषाद, वर्ग सप्तम से हिमांशु कुमार राणा, पीयूष कुमार पंडित, शिवम कुमार सौरव, अष्टम से राजेश कुमार यादव, काजल कुमारी, शौर्य संजीव, नवम वर्ग से अभिषेक कुमार यादव, कुंदन केशरी, कांक्षी कुमारी तथा दशम वर्ग से अक्षय गुप्ता, पन्नू कुमार, एवं विक्रम कुमार शामिल हैं। वही जन जातीय गौरव दिवस के मद्देनजर आदिवासी संस्कृति को दर्शाते हुए गीत संगीत एवं नाटक की प्रस्तुति की गई। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन किया गया। जिसे लोगो ने खूब सराहा। वही मोर सुंदर झारखण्ड, झारखण्ड कर धरती तोर कोरा कितना महान, केकर लागी गो बाबा करमा करेला एवं हायरे हामर सोना झारखण्ड आदि बोल पर नृत्य की प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल पहना कर उनका स्वागत किया गया। इनमे नीतू, निकिता ,साक्षी, राखी, शुप्रिया, रानी, निशु, गुनगुन, सेजल, उर्वशी ,नेहा, पायल ,सोनी ,दिव्या ,किरण ,सिमरन , रितिका, भाग्यश्री, तनु ,सोनाली, बुलबुल, नंदनी ,खुशी ,लक्ष्मी, ज्योति, आकांक्षी ,वर्षा, सीनू,तृप्ति ,नंदनी ,परी ,दुर्गा ,गौरव, कृष्ण ,प्रिंस ,नवीन ,प्रशांत ,अंकित ,सुजल ,आदिति, नंदनी ,सुप्रिया ,अनु ,अमीषा ,सोनिका ,निशु, शिवम, पीयूष, हिमांशु, ऋतु ,लवनीश सौरव ,अंशु ,अनीशा आदि शामिल हैं। इसके साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी मेडल पहनकर कर स्वागत किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत मे डॉ अनिल कुमार ने बच्चों का स्वास्थ्य चेकप किया और जरूरत के अनुसार दवा भी दिया। कार्यक्रम में रितेश कुमार, अनुज कुमार, सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, पप्पू केशरी, अजय कुमार, नेहा मिश्रा, जुली कुमारी, प्रियंका भारती, चंद्रमोहन मिश्रा, अंशु सिंह, राखी कुमारी, पुष्पलता कुमारी, रेशमी कुमारी, मनीष सिन्हा, धीरज कुमार, गुडविल सिंह, रवि शंकर मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।



बच्चों का स्वास्थय जॉच करते डॉ अनिल कुमार

## बरही के राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह को विधानसभा अध्यक्ष करेंगे सम्मानित, आया बुलावा

### 5 सितम्बर 2009 में मिला था राष्ट्रपति पुरस्कार, सामाजिक कार्यो में अब भी है गहरी रूचि

**अपेम लाइव : बरही**



सेवानिवृत शिक्षक ईशो सिंह

रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही निवासी व मवि बेन्दगी से सेवानिवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह को झारखण्ड विधान सभा के 21 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस बाबत शिक्षा विभाग ने हर जिले से राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको की सूची मांगी है। हज़ारीबाग़ से भी तीन शिक्षको की सूचि सम्मान समारोह के लिए भेजी गई है। जिसमे मवि बेन्दगी से सेवानिवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह का भी नाम शामिल है। ईशो सिंह ने भी पुष्टि की है कि उन्हें 21 वें विधान सभा के स्थापना दिवस पर बुलाया गया है। गौरतलब हो कि मवि बेन्दगी में बतौर प्रधानाध्यक रहते स्कूल के विकास के लिए किए गए कार्यो को देखते हुए उन्हें 2009 में विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। विदित हो कि सेवानिवृति के बाद भी ईशो सिंह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते है। झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज एवं बुद्धिजीवी मंच में बतौर अध्यक्ष समाज के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। इतना ही नही शिक्षा के क्षेत्र में भी इनकीं गहरी रुचि है। आज भी विद्यलयों में इनके द्वारा अध्यापन कार्य किया जाया जा रहा है। विधानसभा के स्थापना दिवस पर सम्मानित होने की सूचना पर महेंद्र दुबे, रामचंद्र पांडेय, रामनाथ प्रसाद, राम प्रसाद राम, डॉ अनिल कुमार, कपिल केशरी, तापेश्वर प्रसाद, कृष्णा प्रजापति, अर्जुन साव, प्रो हीरामन साव, बिरेन्द्र कुमार, प्रो बद्री साव, मो तौकीर रजा, मो तबरेज आदि लोगों ने बधाई दी है।

### सेवानिवृत शिक्षक ईशो सिंह के बारे मे कुछ महत्वपुर्ण जानकारीयाँ

नाम -- ईशो सिंह
जन्मतिथि ------20 सितंबर 1950
पिता का नाम --स्वर्गीय नेहाल सिंह
पैतृक गांव ---हजारी धमना
प्रखंड --चौपारण
जिला -हजारीबाग
प्रारंभिक पढ़ाई -प्राथमिक विद्यालय हजारी धमना
मिडिल पढ़ाई --राजकीय बुनियादी विद्यालय बछई
माध्यमिक पढ़ाई --उच्च विद्यालय बरही
स्नातक पढ़ाई -संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग
प्रशिक्षण ------प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय चितरपुर
शिक्षक पद पर नियुक्ति तिथि ------30 जून 1973
स्नातकोत्तर डिग्री -------नालंदा खुला विश्वविद्यालय पटना से।
प्रखंड पुरस्कार प्राप्ति वर्ष -----2002
उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल पुरस्कार प्राप्ति वर्ष ---2005
राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्ति तिथि एवं वर्ष - 5 सितंबर 2009
सेवानिवृत्ति तिथि -----30 सितंबर 2010
वर्ष 2011 से बरही बुद्धिजीवी मंच का गठन कर समाज सेवा में समर्पित।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ओरपरता में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सतसंग का किया गया आयोजन

### सतसंग से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : मो कयूम

**अपेम लाइव : बरही**



सतसंग मे शामिल समाजसेवी एवं ग्रामिण

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ओरपरता में शुक्रवार रात्रि में गुरु डॉ प्रयाग कुमार के नेतृत्व में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सतसंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम मुखिया प्रत्यासी, अर्जुन दास, समाज सेवी सह पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी बिहारी यादव, अनिल कुमार यादव उर्फ गुड्डू ने केंडल जला कर सतसंग एवं कृतन का संयुक्त रूप से उदघाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित भगत ने सभी अथितियोन को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार रखे। जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम ने कहा कि सत्संग के माध्यम से मन को शांति मिलती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मौके पर अर्जुन रविदास, बिहारी जय प्रकाश यादव, नंदलाल राणा, गुड्डू कुमार यादव, बनवारी दास, नारायण सिंह, अर्जुन यादव, कारु राणा, गांगो राणा, किसुन राणा, थानेश्वर यादव, नारायण यादव, एवं ग्रामीण उपस्थित होकर सत्संग का आनंद उठाया।

## जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक संपन्न

### आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर दी गई जानकारी

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिकम सिंह**



जविप्र विक्रेता के साथ बैठक करते अधिकारी

प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के सभी जन प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के अध्यक्षता में हुई। जिसमें अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर प्रखंड आपूर्ति पदा. धिकारी कारू राम शामिल थे.जिसमें आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रे. ताओं को बताया गया। एवं डीलर संबंधित राशन कार्ड में सत प्रतिशत आधार सेटिंग ,मृत , विवाहित,एवं अयोग्य कार्ड धारियों को सिलेंडर करवाना एवं अधिक से अधिक लोगों का ई श्रम कार्ड बनवाने के लिए जानकारी पहुंचाना। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाना जैसे मुख्य कार्यो के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव , डीलर संघ अध्यक्ष केदार यादव , मुकेश राणा, छोटू यादव, रामकिशन रजक ,हुलो चौधरी, फरहाद हुसैन ,गणेश सिंह, भुनेश्वर दास ,राज किशोर चौधरी, पिंटू मोदी ,अशोक वर्णवाल ,विक्रम सिंह ,अजीत सिंह ,सुनील सिंह, विपिन मोदी ,सलीम अंसारी, अजहरुद्दीन ,अशोक दास ,बजरंगी महिला मंडल, मंजू महिला मंडल एवं सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित थे।

## बरही पश्चमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने बरही अफीम कोठी में चलाया जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : बरही**



जनसंपर्क अभियान चलाते जीप प्रत्याशी कुन्ती देवी व तापेश्वर प्रसाद

बरही पश्चमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने बरही के अफीम कोठी में जनसंपर्क अभियान चलाई। जहाँ लोगों ने जीप प्रत्याशी कुंती देवी एवं उनके पति तापेश्वर प्रसाद को माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उपस्थित लोग उनसे मिलकर अपनी अपनी समस्या को बताया। वहीं जीप प्रतयाशी कुंती देवी ने उपस्थित सभी ला. ेगों को आश्वासन दिया कि आप मुझे एक बार अवसर दे, विकास के मामले में हमारा पश्चमी क्षेत्र अन्य सभी क्षेत्रों से आगे होगा। साथ ही मौके पर उपस्थित लोगों ने उन्हें समर्थन देने का भरपूर आश्वासन भी दिया। मोके पर अजित राम, संतोष कुमार, मोहन राम, सोनु राम, सौरव कुमार, रवि रवानी, राजेन्द्र राम, टिक्कू, भोला राम, राजेश राम, मुन्नी देवी, शांति देवी, गौरा देवी, मालती देवी, कौशल्या देवी, राधा देवी, रेखा देवी, शकुन देवी, मोसोमात दर्शनी एवं मोसोमात सारू देवी उपस्थित थे।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, सड़क पर उतर जताया विरोध

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



मंहगाई के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार महंगाई के खिलाफ चल रहे देशव्यापी जन जागरण अभियान एवं कृषि कानून को वापस लेने की घोषणा के उपरांत शनिवार को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में महंगाई के विरोध व किसानों के जीत के खुशी में पद यात्रा निकाला गया। विधायक आवास से शुरू होकर ब्ल०क मोड़ में सभा के साथ समापन हुआ। पद यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव द्वारा किया गया। सम्बोधन में बरही विधायक उमा शंकर अकेला यादव ने महंगाई के खिलाफ केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर बरसे। कहा मोदी सरकार महँगाई कम करने के बजाय दीन दूनी रात चौगनी बढ़ाते जा रही है, जिसके कारण खासकर मध्यमवर्ग एवं गरीब वर्ग के लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। गरीबों के थाली से दाल तो छोड़िए पेट भर खाना भी गायब हो जा रहा है। पेट्रोल , डीजल एवं रसोई गैस के मूल्य में हुए अप्रत्याशित वृद्धि के कारण लोगों की कमर टूट गई है। इस पद यात्रा में मनोज सिंह ,महेंद्र साव, बीरबल साव, पंकज सोनी, सकलदेव साव, दीपक गुप्ता, रामसुंदर प्रजापति, उपाध्यक्ष लव कुमार सिंह, बालकिशुन यादव, प्रखण्ड प्रवक्ता हेलाल अख्तर, मीडिया प्रभारी मनोज यादव, महामंत्री प्रहलाद सिंह, वरिष्ठ कार्यकता नंदकिशोर यादव ,जानकी यादव ,कोठारी सिंह, गिरजा राणा, इत्यादि उप. स्थित थे।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## लुगू पहाड़ गुफा में कसियाडीह व बिराखाप में सभी गांव प्रधानों ने किया पूजा अर्चना

**अपेम लाइवः चुरचु**
**अरविन्द टुडु**


पूजा मे शामिल लोग

झारखंड आदिवासी दलित मंच के तत्वधान में बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित लुगू पर्वत गुफा के परिसर में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में चरही पंचायत के कसियाडीह व बिराखाप के मांझी हाड़ाम, नायके, परानीक, जोगवा व कुडम नायके सहित सभी गांव प्रधान शामिल हुए. सबसे पहले सभो ने अ०ल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता संह जिला पार्षद प्रतिनिधि आनन्द सोरेन, चरही मुखिया महादेव सोरेन व झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा के नेतृत्व में लुगू पर्वत गुफा में लुगू बाबा के दरबार मे अपने संताली रीति रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना किये व गांव व चुरचू प्रखंड के वासियों के लिए सुख समृद्धि की दुआ मांगे. नेतृत्वकर्ता आनंद सोरेन, महादेव सोरेन व महालाल हांसदा ने दो दिवसीय महोत्सव के अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री से मिलकर आदिवासी उत्थान से सबंधित कई मांगे रखे. इस अवसर पर फिलन होरो, तहाराम हेम्ब्रोम, दिलीप टुडू, प्रकाश टुडू, विजय हांसदा, बिशुन मुर्मू, अनूप तिग्गा, शिवराम सोरेन, दीपक प्रजापति सहित कई लोग उप. स्थित थे. इन मांझी हाड़ाम, जोगवा, परानीक, नायके कूडम नायके हुए लुगू पहाड़ में पूजा अर्चना में शामिल : इन मांझी हाड़ाम, जोगवा, परानीक, नायके व कुडम नायके लुगू पर्वत में लुगू बाबा के दरबार मे पूजा अर्चना में शामिल हुए. जिसमें मुख्यरूप से अनिल कच्छप, अर्जुन हंसदा, रोहित मरांडी, सो. हराय हंसदा, सनिचवा मरांडी, बिसराम हंसदा, महादेव हंसदा, मिहीराम बेसरा, जीतेन्द्र बेसरा, करण बेसरा, जगदीश मुर्मू, जीवन सोरेन, पतिलाल सोरेन, चरण हेमबरोम, शिवराम सोरेन, सतेन्द्र सोरेन, चारों सोरेन, बिरसा हंसदा, मगरा मरांडी, मोतीलाल सोरेन, गाणेश सोरेन, महादेव टुडू, ढेना हंसदा, मुटरा सोरेन, मार्शल बेसरा, चुन्नू हंसदा, तहाराम हेमबरोम, महालाल हंसदा, राजकुमार टुडू सहित कई लोग शामिल है.

## एनबीजेके ने 40 गरीब छात्राओं के बीच किया स्मार्ट फोन का वितरण

### ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन ने उपलब्ध कराया फंड, बच्चों के ऑनलाइन पढ़ाई में मिलेगा मदद

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


समार्ट फोन के साथ स्कुल की छात्राएँ

ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन द्वारा प्रदत्त स्मार्ट फोन का वितरण एनबीजेके ने चौपारण के 40 गरीब बच्चों के बीच किया। इससे पूर्व बतौर मुख्यातिथि बीईईओ रीना कुमारी व सुरेखा स्कूल की प्राचार्या रीना पांडेय ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वल्लित कर दिया। वितरण कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए प्रबंधक बीरेंद्र सिन्हा ने बताया कि एनबीजेके द्वारा संचालित अमौली अपूर्वा विद्यालय मानगढ़ व चंद्रकला दागा स्कूल केवलिया के चयनित 20 - 20 गरीब बच्चों के वितरण किया गया वही अन्य चालीस बच्चों के बीच पुनः स्मार्ट फोन का वितरण अगले दौर में किया जाएगा। बीईईओ ने कहा कि कोरोना काल मे सबसे ज्यादा बच्चो का पढ़ाई बाधित हुवा है। गरीब बच्चियो को स्मार्ट फोन मिलने से अ०नलाइन पढ़ाई में मदद मिलेगा। रीना पांडेय ने कहा कि एनबीजेके हमेशा से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर क्षेत्र के लिए मिशाल कायम कर रहा है। कहा स्मार्ट फोन मिलने से बच्चे आधु. निक शिक्षा से जुड़ेंगे। शिक्षक मदन साव ने कहा कि अ०नलाइन पढ़ाई में मद. दगार साबित होगा ये स्मार्ट फोन। कार्यक्रम का संचालन दागा स्कूल प्राचार्य मो सनाउल्ला ने किया। इधर मोबाइल पाकर बच्चियां उत्साहित नजर आई और संस्था के प्रति आभार प्रकट किया।

### आज का पं्चाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---21.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---मार्गशीर्ष
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---द्वितीया तिथि
दिनः---रविवार
नक्षत्रः---मृगशिरा नक्षत्र
योगः---सिद्ध
करणः---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:39
सूर्यास्त : संध्या 05:21
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि में
आज का राहूकाल संध्याः---04:30 बजे से संध्याः---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज गायत्री मंत्र जप करने से सभी दुःख दूर होता है।


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## ग्रामीणों के लंबे प्रयास के बाद सिंघरावां में विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

### विधायक अकेला यादव को हृदय से आभार : दीपक गुप्ता

**अपेम लाइव : चौपारण**



सडक का सिलान्यास करते विधायक उमाशंकर अकेला

चौपारण प्रखंड के सिंघरावां गांव में लंबे समय से क्षेत्रीय जनप्रति. निधियों, ग्रामीणों एंव हजारों छात्र- छात्रों के मांग के बाद माननीय विधायक अकेला यादव ने 1300 मीटर पक्की एंव कालीकरण हाई स्कूल सड़क का शिलान्यास विधायक ने नारियल फोड़कर किया । कार्यक्रम में कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि गोपाल विवश्कर्मा , पंचायत सचिव नरेश साहू , रामलखन राणा सहित सभी लोगों के द्वारा श्री अकेला यादव को फूल -माला पहनाकर जोरदार किया। कार्यक्रम संचालन कांग्रेस ओबीसी जिला सचिव सह समाजसेवी दीपक गुप्ता ने विधायक सहित सभी विशेष लोगों को आभार एंव धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि ये सड़क बनाने को लेकर हम सभी ग्रामीण लंबे से प्रयास नेताओं एंव सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगा रहे थे। लेकिन आज विकास पुरुष विधायक अकेला यादव के द्वारा उनके प्रयासों के बाद एक बड़ी समस्या का निदान हुआ। जिससे आम ग्रामीणों के साथ साथ कई छात्रों को खुशी मिलेगी। वही मंच के माध्यम से इस सड़क के दोनों तरफ से नाला बनाने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि गोपाल विश्वकर्मा ने विधायक को क्षेत्र में नि. रन्तर विकास को करने को लेकर हृदय से आभर प्रकट किया। बतौर मुख्य अथिति अकेला यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा बताया कि हम सिर्फ विकास की राजनीति करते है जाति और धर्म का नही , हम लोगो का दर्द समझता हूं इस सड़क पर रोजाना हजारों छात्रों के अलावा सिमरिया , हजारी धमना, लेडिया, एंव हजारी सहित कई गांवों के लोग सड़क बनने से उनकी आवागमन करने में परेशानी नही होंगी। वही सड़क निर्माता कंपनी के अधिकारी से निवेदन करते हुए कहा कि सड़क की गुणवत्ता में कोई कमी नही दिखने चाहिए। वही इन्होंने बताया के सूबे की हेमन्त सरकार जनता से किये वादे को पूरा कर रही है हमारी सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरक. ारी योजनाओं को मुहैया करवाएगी। अंतिम में कहा कि मैं इस क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा कटिबद्ध रहूंगा। इस मौके पर विधायक प्रति. निधि गोपाल विश्वकर्मा, नंदू यादव, मिनहाज मेंहदी, जानकी यादव, कांग्रेस संगठन के प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव ,सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चन्द्रवंशी, पंचायत सचिव नरेश साव, पंसस सियाराम सिंह, अनिल सिंह, बछछई पंचायत भावी मुखिया रामलखन राणा, नौशफ आलम, नकुल रजक, राजेन्द्र रजक, रामभजन साव, महादेव साव, अनिल सिंह, संतोष भुंइया, डo मेघु प्रसाद, अशोक जैन,राजेन्द्र यादव, बहादुर राणा,संतोष रजक, श्रवण कुमार, ब्रमदेव साव, हरीश कुमार, अमित कुमार, पिंटू कुमार, करण रविदास , बिट्टू शर्मा,देवा, साव ,लखन साव,सहदेव साव, लालमुनि साव,आ. स्विनी सिंह, शंकर साव, रीतलाल साव, दिनेश साव, वरिष्ठ ग्रामीण के साथ कई महिला युवा शामिल रहें।

## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव में कृषक मित्र की बैठक सम्पन्न
## 30 नवंबर को कृषि मंत्री आवास का घेराव का निर्णय

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग

कृषक मित्र महासंघ की बैठक सिंगल विंडो सेंटर बड़कागांव के ह०ल में की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुरली महतो ने किया। बैठक में 30 नवंबर को अपने मानदेय की मांग को लेकर रांची चलें बिषय पर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष दिलेश्वर महतो ने कहा कि हम कृषक मित्र कृषि विभाग के सभी महात्वाकांक्षी योजनाओं का कार्य का क्रियान्वयन विगत 12 वर्षो से करते आ रहे हैं। परंतु आज तक मानदेय के रूप में एक रूपया नहीं दिया जा रहा है। सरकार सिर्फ काम पर काम करने को मजबूर करती रहती है। हजारीबाग जिला से भारी संख्या में 30 नवंबर को कृषि मंत्री आवास रांची का घेराव करने जाएंगे। प्रखंड सचिव महेश गंझू ने कहा कि बड़कागांव कृषक मित्र महासंघ रांची रैली को सफल बनाने में हर संभव प्रयास करेगी। इस बैठक में दिनेश्वर महतो, चंद्रनाथ महतो, गणेश साव, चिंतामणि महतो, बासुदेव प्रसाद, होरील महतो, महेश महतो, अनिता देवी,सरजू कुमार महतो,मनोज कुमार महतो, चिंतामणी महतो,प्रभू महतो, सूभाष बेदिया, कमलनाथ महतो, कृतिका देवी, `तलाल कुमार दांगी,छट्ठु महतो, पारसनाथ प्रजापति, अशोक सिंह, रेखा देवी, कुंवर महतो, राजेश्वर महतो,सनित महतो, ललित कुमार सिन्हा,समशेर आलम, रघुनंदन महतो, मोहन साव, महेंद्र कुमारआदि सभी कृषक मित्र उपस्थित रहे।

## साथ निभाने की कसमें खा कर लौट नवविवाहिता को छू कर गुजरा मौत
### सड़क दुर्घटना में दूल्हे गाड़ी का परखच्चे उड़ गया, दंपति को खरोंच तक नही

**अपेम लाइव : चौपारण**


कैम्प में शामिल लोग

कहते है जिंदगी और मौत ऊपर वाले के हाथ मे है लेकिन कुछ घटनाएं देख लोगों को विश्वाश नही होता कि आखिरी कैसे लोग सुरक्षित है। जी हां प्रखण्ड के गणपति पेट्रोल पंप के समीप हुए सड़क दुर्घटना में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए लेकिन वाहन सवार नवविवाहित जोड़ा व अन्य को खरोंच तक नही आया। जीवन भर का साथ निभाने की कसमें खा कर राँची से वाहन सख्या बीआर 02 ए एक्स 7607 पर सवार होकर गया लौट रहे दूल्हा गाड़ी का टायर फट गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर पम्पनके नजदीक खड़े कंटेनर में जा टकराया जहाँ गाड़ी का परखच्चे उड़ गया। स्थानीय लोगों की सहायता से गाड़ी में सवार दूल्हा प्रकाश कुमार व दुल्हन पिंकी कुमारी सहित अन्य को सुरक्षित वाहन से निकाला गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन देख हर कोई कह रहा है था कि भगवान ने दोनों को बचा लिया। घटना के सम्बंध में दम्पति के परिजन भागीरथ दास ने बताया कि राँची के ओरमांझी हमलोग बारात गए हुए थे और वहाँ से अपने घर चाणक्या पूरी, गया बिहार लौट रहे थे ।

APEM LIVE

## खबर का असर ...
## जिला अभियंता ने किया कब्रिस्तान बाउंड्री एवं अर्धनिर्मित पुल निर्माण की जांच
### बाउंड्री से बंगला इंटा एवं पुल से घटिया बालू हटाने का दिया निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



निर्माण की जांच करते पदाधिकारी

शनिवार के अंक में छपे खबर का असर ऐसा हुआ कि जिला से टीम पहुंच कर कार्य मे गुणवत्ता की जांच की गई।जिसमें प्रखण्ड के सायल गांव एवं कान्हाचट्टी बाजार से डोंडागड़ा पथ में पड़ने वाला गहरी नदी में छती ग्रस्त पुल की मरम्मती कार्य की गुणवत्ता की जांच करने जिला अभियंता जावेद अंसारी एवं सहायक अभियंता आनंद पांडेय तथा कनीय अभियंता अनिल कुमार ने निरीक्षण कर संवेदक को कई दिशा निर्देश दिया है।श्री अंसारी ने कबि. स्तान के बाउंड्री में लगाए जा रहे बांग्ला ईंट को हटाकर चिमनी इंटा लगाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति के सरकार के कल्याणकारी योजनाओं में लूट नही होने देंगे,कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश भी दिया।वहीं श्री अंसारी ने बाउंड्री के फाउंडेशन में हो रहे डेम्प्रुस एवं अन्य कार्य को गहराई से जांच किया।वही बाउंड्री के बगल में कान्हाचट्टी से डोंडागड़ा पथ में पड़ने वाली बड़की नदी(गहरी) नदी पर छतिग. स्त पुल की भी जांच किये।जहां पर ग्रामीणों ने जिला परिषद को शिकायत किया था कि पुल निर्माण में घटिया बालू(मिट्टी युक्त)लगाया जा रहा है,जिसके बाद कार्यपालक अभियंता ने जांच करने पहुंचे और पुल निर्माण के संवेदक को मिट्टी युक्त बालू को हटाने एवं क्वालिटी वाली बालू को लागाने का निर्देश दिया।वहीं संवेदक को उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण भी सही ढंग से हो ताकि गुणवत्ता पर कोई सवाल नहीं उठावे। इधर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने भी जिला के निर्देश के आलोक में कनीय अभियंता को बाउंड्री की जांच करने भेजे।जिसमे कार्य स्थल पर घटिया बंगला इंटा को अविलम्ब हटाने का निर्देश कनीय अभियंता ने संवेदक को दिया।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि जांच रिपोर्ट जल्द ही जिला को भेज दिया जाएगा।वही कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा।

## मतदाता सूची के स्पेशल कैम्प का बीडीओ ने लिया जायजा

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**


कैम्प में शामिल लोग

शनिवार को प्रखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर स्पेशल कैम्प का आयोजन किया गया ।स्पेशल कैंप का निरीक्षण करने कई मतदान केंद्रों पर बी डी ओ हुलास महतो पहुँचे ।और उपस्थित कर्मियों को मतदाता सूची से सम्बंधित कई तरह के दिशा निर्देश दिए ।श्री महतो ने बी एल ओ एवं अन्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिनका उम्र एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष होने वाला है उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि जिनका एक जनवरी 2022 तक 18 वर्ष होंगे वो मतदान कर सकते हैं। मौके पर प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में हो रही है सड़क जाम लोग परेशान बाईपास रोड बनाने की मांग

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


बड़कागांव मुख्य चौक सड़क जाम

बड़कागांव मुख्य चौक पर इन दिनों बार-बार वाहनों की सड़क जाम की लंबी कतार देखी जा रही है जिसके कारण ग्रामीणों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है विशेष कर जाम में फंसे मरीज ले जा रहे एंबुलेंस वाहन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम लगने का मुख्य कारण यह है कि नो
एंट्री के समय भारी वाहनों रूप से मोटरसाइकिल और`गों को परेशानी का सामना के द्वारा सरकार से बाईपास
का प्रवेश कर जाना, सड़क फोर व्हीलर वाहन को खड़ा करना पड़ रहा है। मामले रोड मांग की की गई है।
किनारे लोग अनावश्यक कर देने जिसके कारण ला. को लेकर कई बार ग्रामीणों

## विष्णुगढ़ में माओवादी बंदी का नहीं रहा कोई असर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



माओवादी के शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस एवं पत्नी शीला मरांडी की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को आहूत नक्सली बंदी का विष्णुगढ़ और इसके आ. सपास के इलाकों में कोई खासा असर देखने को नहीं मिला। एनएच 100 तथा विष्णुगढ़ गोमियां रोड़ में वाहनों का परिचालन सामान्य रहा। लंबी तथा छोटी दूरी के यात्रीवाहन समेत मालवाहक वाहन भी आम दिनों की तरह चलते रहे। विष्णुगढ़ तथा बनासो बाजार की सभी दुकानें भी आम दिनों की तरह खुली रही। गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग बाजार के लिए विष्णुगढ़ पहुंचे और अपने कामों को निपटाया। बंदी को देखते हुए विष्णुगढ़ पुलिस मुस्तैद रही। दल बल के साथ सड़क पर लगातार गश्ती करती रही।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## कृषि कानूनों की वापसी की खुशी में कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



कृषि कानूनों की वापसी की खुशी में मिठाते खिलाते कांग्रेसी

केन्द्र सरकार द्वारा कृषि कानूनों की वापसी की घोषणा किए जाने की खुशी में शनिवार को विष्णुगढ़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। विष्णुगढ़ के ह०स्पीटल चौक, नवादा के कर्बला चौक, ति. रंगा मोड़ तथा बनासो चौक में आमजनों के अलावा किसानों के बीच मिठाई बांटकर बधाई दी गई। इस मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों का पर्दाफाश हो गया। देश के किसान लगातार 14 महीनों से इस कानून के विरोध में आंदोलनरत थे। लगातार शांतिपूर्ण आंदोलन का नतीजा रहा कि आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा और कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी। कहा कि कांग्रेस और किसान शांतिपूर्ण आंदोलन पर विश्वास करते हैं। आंदोलन के बीच में लगभग सात सौ किसानों ने अपनी गौरवमयी शहादत दी। सरकार को आंदोलन में शहीद किए किसानों को सम्मानजनक मुआवजा एवं सरकारी नौकरी का प्रावधान किया जाना चाहिए। कहा कि शुरू से हीं कांग्रेस किसानों के समर्थन में आगे रही है। यूपी समेत अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में हार के डर से यह फैसला सरकार ने लिया है। भाजपा सरकार की हिटलरशाही चकनाचूर हुई है। आखिरकार अन्नदाताओं की जीत हुई है। किसानों एवं आम लोगों को बधाई देने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष रामजन्म राय, सुरेन्द्र मिश्र, विशेश्वर स्वर्णकार, जगदीश बर्मन, अब्दुल कुद्दुस, मो अताउल्लाह अंसारी समेत कई कांग्रेसी शामिल हैं।

## विष्णुगढ़ में धूमधाम से मनी चक्रवर्ती सम्राट जरासंध की जयंती

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



चक्रवर्ती सम्राट जरासंध की जयंती पर मौजूद अतिथि

अखिल भारतीयवर्षीय चंद्रवंशी महासभा की विष्णुगढ़ इकाई द्वारा चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5224वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सम्राट जरासंध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत जवाहर लाल, नवल किशोर वर्मा, अशोक राम, महेन्द्र राम, कामेश्वर राम, बासुदेव राम, सुनील वर्मा, डा त्रिभुवन चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहर लाल व संचालन डॉ त्रिभुवन चंद्रवंशी ने किया। इस मौके पर चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की जीवनी एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर वक्ताओं ने बल दिया। कहा कि समाज में व्यापत वि. संगतियों एवं कुरीतियों को दूर करने की जरूरत है। अशिक्षा के कारण समाज का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। समाज की एकजुटता पर भी बल दिया गया। समारोह में समाज के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। जिसे लोगों ने काफी सराहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर सोहन राम, मुंद्रिका राम, आनंद राम, रामप्रसाद राम, उदित कुमार, परमेश्वर राम, संजय वर्मा, गौतम वर्मा, अनुज कुमार, हृदयनंदन वर्मा, कमला प्रसाद, धरम राम, दुर्गा प्रसाद, भीखन राम, रंजीत वर्मा, राणा रंजीत, रवि वर्मा, नरेश राम, दीपक वर्मा, सोनू वर्मा, राजू कुमार समेत चंद्रवंशी समाज के कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर कार्य के लिए ग्रामीण विकास विभाग की ओर सेकान्हाचट्टी सिमरिया और चतरा बी डी ओ को किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



सम्मान समारोह में शामिल लोग

कान्हाचट्टी, सिमरिया एवं चतरा सदर बी डी ओ को बेहतर कार्य के लिए उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के कमिश्नर एवं चतरा उपायुक्त अंजली यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर परफ०र्मेंस के लिए दिया गया।शनिवार को जिला कार्यालय कक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित कर कान्हाचट्टी बी डी ओ हुलास महतो,सिमरिया बी डी ओ नीतू सिंह,चतरा सदर बी डी ओ तीनो को सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र दिया गया। बताते चलें कि आवास निर्माण में जिले के तीनों प्रखंडो का परफॉर्मेंस बेहतर रहा जिसके कारण यह सम्मान दिया गया।मौके पर उपस्थित लोगों को कमिश्नर ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगो तक पहुंचाना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य था जिसे ऊक्त लोगो ने बखूबी निभाया।

## विष्णुगढ़ के भंडेरी में किसानों के बीच फसल प्रदर्शनी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



किसान संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता

विष्णुगढ़ के खरना पंचायत अंतर्गत भंडेरी गांव में विश्व की अग्रणी बीज कंपनी पायोनियर द्वारा धान की फसल कटाई दिवस, फसल प्रदर्शनी व किसान संगोष्ठि का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों के बीच पायोनियर संकर धान 27पी37 को अन्य संकर धान से तुलना किया गया। दोनो धान को एक बराबर 25 वर्ग मीटर में कटाई की गई। जिसमें पायोनियर 27पी37 धान अन्य धान की अपेक्षा प्रति एकड़ 4 क्विंटल से अधिक उपज की प्राप्ति हुई। कंपनी के मैनेजर समित कुमार ने बताया 27पी37 संकर धान एक उन्नत संकर बीज है। इसकी बालियां लंबी और वजनदार होती है। जिससे ये किसी भी धान से अधिक उपज देने में सक्षम है। साथ ही ये दो नंबर और एक नंबर दोनो खेत के लिए उपयुक्त है। किसान पायोनियर 27पी37 की उपज देख किसान भी काफी प्रसन्न हुए। संगोष्ठी व फसल प्रदर्शनी के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव वर्मा, राजेश कुमार के अलावा किसानों में शिबू सोरेन, रामसहाय हांसदा, रूपलाल सोरेन, काली राम सोरेन समेत अन्य कई किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष बने डुमरी के संतोष रजक

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



संतोष रजक को माला पहनाकर स्वागत करते विधायक व अन्य

प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव ने प्रखण्ड कमिटी के विस्तार करते हुए बच्छई पंचायत के डूमरी निवासी युवा नेता संतोष रजक को कांग्रेस का प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस बात की जानकारी देते हुए संतोष ने बताया कि प्रखण्ड अध्यक्ष व विधायक उमाशंकर अकेला यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही। उन्होंने युवाओं से राजनीति में भागीदारी निभाने की बात कही। कहा कि केवल कांग्रेस पार्टी ही देश में धर्मनिरपेक्ष पार्टी है, जो सभी धर्म वर्ग संप्रदाय को साथ लेकर विकास के लिए काम करती है। ऐसे में युवाओं से आग्रह है कि कांग्रेस पार्टी में रहकर देश और राज्य के विकास में अपना योगदान दें। उनके मनोनयन पर बच्छई पंचायत अध्यक्ष नकुल रजक, रामलखन राणा, बीरू यादव, गोपाल विश्वकर्मा, नरेश साव, दीपक गुप्ता, मिनहाज मे. हंदी, बहादुर राणा सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त की है।







APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार